राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूँ(उ0प्र0)

छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी मुख्य एवं आवश्यक निर्देश

1. स्नातक प्रथम वर्ष के नवीन प्रवेशित छात्रायें Fresh (नया) आवेदन पत्र आनलाइन भरेंगे।
2. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय की छात्रायें Renew (नवीनीकरण) आवेदन पत्र आनलाइन भरेंगे। Renew (नवीनीकरण) की छात्रायें किसी भी दशा में Fresh (नया) आवेदन पत्र न भरें अन्यथा निरस्त माना जायेगा।
3. यदि कोई छात्रा एक पाठ्यक्रम को अधूरा छोडकर दूसरे पाठ्यक्रम प्रवेश ले लेती हैं, तो वह नये पाठ्यक्रम के पहले वर्ष में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु पात्र नहीं होगीं।
4. समस्त वर्गों के छात्रों के अभिभावकों की समस्त श्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख या 2 लाख से कम होने पर ही छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने के पात्र होगी।
5. समस्त छात्रायें अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से बनवा लें, साथ ही अपना आधार नंबर अपने बंक खाते से भी लिंक करा लें एवं मोबाइल नं. भी रजिस्टर्ड करा लें। आधार कार्ड एवं हाईस्कूल प्रमाण पत्र में उल्लिखित विवरण का मिलान होना अनिवार्य है। (Click Here)
6. समस्त छात्रायें बदायूँ जिले में स्थित किसी भी राष्ट्रीकृत कम्प्यूटरीकृत बैंक शाखा में अपना खाता खुलवा लें तथा अपना आधार नंबर बैंक खाते से लिंक करा लें। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में अपना खाता संख्या, IFSC Code , एवं बैंक पासबुक में अंकित नाम सही–सही भरें। अन्यथा छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी। (Click Here)
7. समस्त छात्रायें छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरते समय अपने हाईस्कूल एवं इंटर का अनुक्रमाक, उत्तीर्ण वर्ष, पूर्णांक एवं प्राप्तांक सही सही अंकित करें, यदि अनुक्रमांक के प्रारम्भ में शून्य अंकित है तो अनुक्रमांक शून्य सहित भरें। अन्यथा आवेदन निरस्त माना जायेगा। यह एक अति महत्वपूर्ण बिन्दु है अतः इसे सावधानी से भरें।
8. छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में अपने आय, जाति, मूलनिवास प्रमाण पत्र के आवेदन क्रमांक, प्रमाण पत्र क्रमांक, जारी होने की तिथि, वार्षिक आय इत्यादि सही सही भरें। गलत पाये जाने पर आवेदन निरस्त माना जायेगा।
9. यदि किसी छात्रा के अन्य भाई या बहिन भी इसी महाविद्यालय में या अन्य किसी महाविद्यालय/विद्यालय में छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भर रहें हैं तो छात्र को विशेष ध्यान रखना होगा कि उसके एवं उसके भाई या बहिन के आवेदन पत्र में उनके पिता के नाम में किसी भी तरह का कोई अन्तर न हो। (अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय में सम्पर्क करें)
10. स्नातक स्तर की छात्रायें आवेदन पत्र में पाठ्यक्रम की पात्रता इण्टर भरें।
11. नवीनीकरण की छात्रायें आवेदन पत्र में वर्तमान पाठ्यक्रम का विश्वविद्यालय/बोर्ड/एफिलएटिंग एजेंसी में पंजीयन क्रमांक में अपनी नामांकन संख्या (Enrolment No.) अनिवार्य रूप से भरें। Fresh (नये) छात्रायें इस कॉलम में NA भरें।
12. वर्तमान पाठ्यक्रम के विश्वविद्यालय/बोर्ड/एफिलएटिंग एजेंसी के नाम में MJPRU Bareilly भरें।
13. आवासीय/दिवा छात्र के विकल्प में दिवा छात्र पर टिक लगायें।
14. पाठ्यक्रम के प्रकार में नियमित पाठ्यक्रम का चयन करें।
15. अनुमोदित वार्षिक नान रिफण्डेबिल अनिवार्य शुल्क सभी संकायों(कक्षाओं) का अलग–अलग होता है इसीलिए इस धनराशि को नोटिस वोर्ड पे चस्पा सूची अथवा कार्यालय से जानकारी प्राप्त करके ही भरें। गलत भरने पर आवेदन पत्र निरस्त माना जायेगा। (Click Here)
16. महाविद्यालय में जमा शुल्क की रसीद संख्या, शुल्क धनराशि, शुल्क जमा करने की तिथि सुस्पष्ट एवं सही–सही भरें।
17. जब छात्रा अपना छात्रवृत्ति आवेदन पत्र आनॅलाइन पूर्ण भर लें तो Final Submit से पूर्व जाँचने हेतु प्रिन्ट निकाल लें तथा उसकी जाच महाविद्यालय कार्यालय से करा लें ताकि किसी भी गलती के पाये जाने पर उसे पुनः संशोधित किया जा सके। क्योंकि Final Submit के बाद छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में कोई भी संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

दिनांक– 26.09.2020

प्रभारी छात्रवृत्ति

राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूँ(उ0प्र0)

अनुमोदित वार्षिक नान–रिफण्डेबिल अनिवार्य शुल्क विवरण (2020–21)

कक्षा	शुल्क
B.A.I (गृह विज्ञान विषय नहीं लेने पर)	**1181**
B.A.I (गृह विज्ञान विषय लेने पर)	**1421**
B.A.II (गृह विज्ञान विषय नहीं लेने पर)	**1178**
B.A.II (गृह विज्ञान विषय लेने पर)	**1418**
B.A.III (गृह विज्ञान विषय नहीं लेने पर)	**1178**
B.A.III (गृह विज्ञान विषय लेने पर)	**1418**
B.Com.I	**1181**
B.Com.II	**1178**
B.Com.III	**1178**
B.Sc.I (PCM)	**1661**
B.Sc.I (ZBC)	**1901**
B.Sc.II (PCM)	**1658**
B.Sc.II (ZBC)	**1898**
B.Sc.III (1 Practical)	**1418**
B.Sc.III (2 Practical)	**1658**

दिनांक–26.09.2020

प्रभारी छात्रवृत्ति

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता हे कि जिला विद्यालय निरीक्षक बदायूँ के पत्रांक सं./2001–C/2020–21 दिनांक 22.09.2020 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2020–21 में पूर्व दशम/दशमोत्तर छात्रावृत्ति योजनान्तर्गत शासन द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन भरने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। नवीन प्रक्रिया के तहत जब छात्रा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करेगी तो आधार से लिंक मोबाइल पर ओ0टी0पी0 आयेगा। इस ओ0टी0पी0 को छात्रा द्वारा अपने आवेदन पत्र में ऑनलाइन भरना होगा उसके बाद ही छात्रा का आवेदन पत्र फाइनल सबमिट होगा। इस हेतु आधार अपडेशन, प्रमाणीकरण मोबाइल लिंक का, कार्य कराये जाने हेतु आयोजित शिविरों का विवरण निम्न है–

क्र. स.	आयोजित शिविर का स्थान	क्र. स.	आयोजित शिविर का स्थान
1.	पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर बदायूँ	2.	सब पोस्टर मास्टर, बिसौली बदायूँ
3.	सब पोस्ट मास्टर, बिलसी बदायूँ	4.	स्ब पोस्ट मास्टर इस्लामनगर बदायूँ
5.	सब पोस्ट मास्टर, सहसवान बदायूँ	6.	सब पोस्ट मास्टर, भरकुईयां बदायूँ
7.	सब पोस्ट मास्टर, दातागंज बदायूँ	8.	सब पोस्ट मास्टर, उझानी बदायूँ
9.	बी0आर0सी0 सहसवान	10.	बी0आर0सी0 इस्लामनगर
11.	बी0आर0सी0 दहगवां	12.	बी0आर0सी0 अम्बियांपुर
13.	बी0आर0सी0 बिसौली	14.	बी0आर0सी0 म्याऊँ
15.	बी0आर0सी0 बजीरगंज	16.	बी0आर0सी0 उझानी
17.	बी0आर0सी0 असरासी	18.	बी0आर0सी0 उसावां
19.	शाखा प्रबंधक, आई0सी0आई0सी0आई0 लि0 बदायूँ	20.	शाखा प्रबंधक एच0डी0एफ0सी0 बदायूँ
21.	शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक इस्लामनगर बदायूँ	22.	शाखा प्रबंधक, ओ0बी0सी0 बदायूँ
23.	सी0एस0सी0 लक्ष्मी कान्त माहेश्वरी बिल्सी	24.	अनुमव सी0एस0सी0 केन्द्र दातागंज बदायूँ
25.	सी0एस0सी0 आधार केन्द्र काव्या डिजिटल एकेडमी कछला रोड उझानी	26.	सी0एस0सी0 आधार केन्द्र ओझा कम्प्यूटर्स बिल्सी
27.	सी0एस0सी0 आधार केन्द्र ककराला	28.	आधार केन्द्र एवं सी0एफ0सी0 बैंक, बी0सी0 तहसील रोड बिल्सी।
29.	आधार केन्द्र एवं सी0एस0सी0 बी0सी0 ग्राम व पोस्ट बिल्सी		

अतः यथाशीघ्र इस कार्य को पूरा करके छात्रवृत्ति आवेदन/शुल्क प्रतिपूर्ती भरने में शीघ्रता बरतें।

25.9.2020

प्रो0(डॉ0 स्मिता जैन)
प्राचार्या

प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय
बदायूँ

Scanned by CamScanner

आवश्यक सूचना

दिनांक–25.09.2020

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति फॉर्म भरने हेतु छात्रा का स्वयं का बैंक खाता बदायूँ जिले के किसी भी C.B.S बैंक शाखा में होना चाहिये और यदि यह खाता पहले से चल रहा है तो नया खुलवाने की आवश्यकता नहीं है। खाता चालू हालत में होना चाहिए। खाते में छात्रा का आधार कार्ड/मोबाइल नम्बर लिंक होना चाहिए (जो आधार से लिंक है)।

25.9.2020

प्राचार्य

Scanned by CamScanner